98

बिहार सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग
सकारण आदेश

सकारण आदेश संख्या–14/अ0प्र0–14–291/2025 212 /पटना, दिनांक– 6.1.26

लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, सुपौल अन्तर्गत आमंत्रित निविदा संख्या–15/SBFE/2025-26 के ग्रुप संख्या–02 (टेंडर आई0डी0–91009) में संवेदक राजीव कुमार सिंह (निबंधन संख्या–1220192) At-Arvind Society Gandhi Nagar Madhubani Purnea Bihar Pincode 854301 द्वारा अनुभव प्रमाण–पत्र फर्जी/जाली समर्पित किये जाने के कारण मुख्य अभियंता (रूपांकण), लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक 1407 दिनांक 19.09.2025 द्वारा उक्त संवेदक के निबंधन को कालीसूची में सम्मिलित किये जाने हेतु अनुशंसा उपलब्ध करायी गयी।

उक्त अनुशंसा के आलोक में विभागीय पत्रांक 10880 अनु0 दिनांक 15.10.2025 द्वारा संवेदक से कारण पृच्छी की गयी। तदालोक में संवेदक द्वारा अपना स्पष्टीकरण दिनांक 03.11.2025 को समर्पित करते हुए प्रतिवेदित किया गया कि संदर्भित निविदा जब निकाली गई तब वे हॉस्पीटल में भर्त्ती थे। दिनांक 27.02.2025 को बाजार के कैफे से टेंडर डाला गया। निविदा से संबंधित सभी सही कागजात कैफे के ऑपरेटर को दिया गया। जिसने विरोधी से मिलकर द्वेष पूर्वक छेड़–छाड़ एवं हेरा फेरी किया गया। तदनुसार समीक्षोपरान्त अस्वीकृत करते हुए संवेदक को कालीसूची में सम्मिलित करने हेतु निर्णय लिया गया।

अतएव वर्णित तथ्यों के आलोक में विभागीय समीक्षोपरान्त बिहार सरकार ग्रामीण कार्य विभाग की अधिसूचना संख्या–8123 दिनांक 19.12.2007 के कंडिका–11 (क) उप कंडिका–(ix) एवं (ख) (ii) में निहित प्रावधानों के आलोक में निविदाकार/संवेदक राजीव कुमार सिंह (निबंधन संख्या–1220192) At-Arvind Society Gandhi Nagar Madhubani Purnea Bihar Pincode 854301 के निबंधन संख्याः–1220192 को अगले 02 (दो) वर्षों के लिए कालीकृत (**Blacklist**) किया जाता है।

05.01.2026

(जय किशोर ठाकुर)
अभियंता प्रमुख

निबंधित

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–291/2025 212 /पटना, दिनांक– 6.1.26

प्रतिलिपि– संवेदक राजीव कुमार सिंह Add:- At-Arvind Society Gandhi Nagar Madhubani Purnea Bihar Pincode 854301 को सूचनार्थ प्रेषित।

05.01.2026

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–291/2025 212 /पटना, दिनांक– 6.1.26

प्रतिलिपि–प्रधान सचिव/सचिव/अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/जल संसाधान विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/ नगर विकास विभाग/उर्जा विभाग/कृषि विभाग, बिहार, पटना/पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना/ सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी अधीक्षण अभियता/सभी कार्यपालक अभियंता/सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

05.01.2026

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–291/2025 212 /पटना, दिनांक– 6.1.26

प्रतिलिपि– सचिव के प्रधान आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

05.01.2026

अभियंता प्रमुख

क0प0उ0

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–291 / 2025 212 / पटना, दिनांक– 6.1.26

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–14 एवं प्रशाखा में कार्यरत सभी सहायक / आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

05.01.2026

अभियंता प्रमुख